तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025



11 संयंत्र के 1300 से अधिक श्रमिक 7 सूत्रीय ....





12 बैगा जनजाति के 25 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल






## खबर संक्षेप

### तुंहर एप में 70 प्रतिशत टोकन हुआ ऑनलाइन

**बलौदाबाजार।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी में पारदर्शिता एवं किसानों की सुविधा की दृष्टिकोण से तुहर टोकन ऐप के माध्यम से दैनिक खरीदी लिमिट की 70 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन एवं 30 प्रतिशत टोकन समिति स्तर से काट सकते हैं।

इस वर्ष टोकन की संख्या में भी परिवर्तन किया गया हैं, जिसमें 2 एकड़ तक भूमिधारी किसानों को 1 टोकन, 2 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ भूमिधारी किसानों को 2 टोकन एवं 10 एकड़ से अधिक भूमिधारी किसानों को 3 टोकन की पात्रता है। किसान उपरोक्त पात्रता अनुसार टोकन ऑनलाइन या ऑफ लाइन प्राप्त कर सकते हैं।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम दौनाझर निवासी अमरनाथ सिंह पिता सुखसिंह पैकरा की महानदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी जयकुमारी पति स्व. अमरनाथ सिंह को 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राइस मिलर्स से समितियां परेशान, शासन-प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

# धान परिवहन ठप, खरीदी केंद्रों में सुखत का संकट, जगह की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भटभेरा शाखा के 10 धान उपार्जन केंद्र रावन, फुलवारी, शिकारी, केसली, गोरदी, मोहरा, हिरमी, सुहेला, खपराडीह, भटभेरा और सकलोर में इन दिनों धान खरीदी तो तेजी से हो रही है, लेकिन परिवहन के अभाव में अधिकांश केंद्रों में धान की बोरियों का अंबार लग गया है। राइस मिलर्स द्वारा डीओ कटने के बावजूद धान का उठाव नहीं किए जाने से स्थिति और भी खराब होती जा रही है। कई केंद्रों में अब स्टैकिंग के लिए जगह लगभग समाप्त होने की स्थिति में है, जिससे आगामी दिनों में खरीदी कार्य बाधित होने की आशंका बढ़ गई है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि राइस मिलर्स मनमानी कर रहे हैं। डीओ कटने के बाद भी धान नहीं उठाया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार निश्चित समय सीमा में उठाव अनिवार्य है और ऐसा न करने पर मिलर्स के खिलाफ पेनल्टी की कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन धरातल पर किसी भी प्रकार की सख्ती या कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। सरना और महामाया धान की डियो काटा गया है, जिसमें भी विसंगतियां सामने आ रही है, महामाया धान का ज्यादा डीओ काटा है, जबकि सरना धान का डीओ ना के बराबर काटा है। इस प्रक्रिया में लगातार विसंगतियां सामने आ रही हैं।

रावन में 9,951.20 क्विंटल, फुलवारी में 14,287.20 क्विंटल, शिकारी केसली में 8,454 क्विंटल, गोरदी में 7,833.20 क्विंटल, मोहरा में 13,925.60 क्विंटल, हिरमी में 6,575.20 क्विंटल, सुहेला में 11,384 क्विंटल, खपराडीह में 11,656.80 क्विंटल, भटभेरा में 9,880.40 क्विंटल तथा सकलोर में 5,099.20 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार खरीदी भी कम हुई है। 9 दिसंबर की स्थिति में गत वर्ष 1 लाख 88 हजार 142 क्विंटल धान खरीदा गया था। वहीं इस वर्ष परिवहन का प्रतिशत केवल 2.78 प्रतिशत ही रह गया है जो अत्यंत चिंताजनक है।

हालांकि, जमीन पर बिगड़ती स्थिति को देखते हुए शासन और प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठने लगे हैं। धान खरीदी केंद्रों में लगातार बढ़ रहा दबाव और राइस मिलर्स की मनमानी से व्यवस्था चरमराती दिख रही है।

### धान की नमी घटी, प्रति कट्टा 300-400 ग्राम तक वजन घटने की आशंका



#### जिम्मेदारों ने कहा-

उक्त संबंध में धान खरीदी केंद्र प्रभारी शिवदास मानिकपुरी ने कहा कि राइस मिलर्स द्वारा 10 से 12 डीओ कटा है परिवहन मात्र 420 क्विंटल ही हो पाया है। जिला विपणन अधिकारी गजेंद्र राठौर ने बताया कि राइस मिलर्स द्वारा काटे गए डीओ की जानकारी लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

#### धान तौलने के लिए भी जगह नहीं बचेगी

भटभेरा ब्रांच के दस उपार्जन केंद्रों में 9 दिसंबर तक कुल 99,046.80 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन परिवहन मात्र 2,760 क्विंटल का ही हुआ है, जबकि शेष 96,286.80 क्विंटल धान केंद्रों में ही पड़ा हुआ है। यदि ऐसे ही दो-तीन दिन और उठाव नहीं हुआ तो कई केंद्रों में किसानों के धान तौलने के लिए भी जगह नहीं बचेगी।

#### 11384 क्विंटल धान की खरीदी हुई

धान खरीदी की शुरुआत में नमी 15 से 17 प्रतिशत के बीच थी, जो अब घटकर 12 से 13 प्रतिशत रह गई है। एक कट्टे में लगभग 300 से 400 ग्राम तक सुखद की कमी आ रही है, जिससे समिति प्रबंधकों की चिंता और बढ़ गई है। सुहेला केंद्र में कुल 11384 क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जो लगभग 28460 कट्टे होते हैं।

#### परिवहन मात्र 420 क्विंटल

राइस मिलर्स ने 10 से 12 डीओ काटे हैं, लेकिन परिवहन मात्र 420 क्विंटल का ही हुआ है। अधिक धान जमा होने से स्टैकिंग की भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। और लग रहा है कि कुछ ही दिनों में केंद्र के भीतर किसानों के धान रखने की जगह भी नहीं बचेगी। इस स्थिति से किसान और समिति प्रबंधक दोनों परेशान नजर आ रहे हैं। बटवारा ब्रांच के अधिकांश उपार्जन केंद्रों की स्थिति यही है, जहां धान के बोरों से केंद्र अटे पड़े हैं।

# 401 कट्टा अवैध धान और 19 कट्टा चावल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को संयुक्त टीम द्वारा टुंडरा और भाटापारा तहसील में 401 कट्टा अवैध धान एवं 19 कट्टा चावल जब्त किया गया।

- अवैध धान पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार तहसील टुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम हसुआ में सहित केसरवानी की दुकान में अवैध रूप से रखे 100 कट्टा धान, अशोक केसरवानी के यहां से 40 कट्टा धान एवं चूड़ामणि साहू के घर से 186 कट्टा धान एवं 19 कट्टा चावल जब्त कर सरपंच ग्राम पंचायत हसुआ के सुपुर्द किया गया। तहसील भाटापारा के ग्राम बोरसी में यदुनंदन किराना से 75 कट्टा अवैध धान जब्त कर ग्राम पटेल को सुपुर्द किया गया। धान खरीदी केंद्र खैरी का निरीक्षण राजस्व विभाग की टीम द्वारा किया गया। कार्रवाई में एसडीएम कसडोल रामरतन दुबे, तहसीलदार युवराज कुर्रे, नायब तहसीलदार प्रेमा किसपोट्टा, अभिषेक अग्रवाल शामिल रहे।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने नगर के दो फर्मों के निरीक्षण में फूटा चना का सैम्पल लिया

**भाटापारा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने नगर में औरामाइन (नॉन परमिटेड सिंथेटिक फूड कलर) जांच के लिए नगर के स्थित फर्म मेसर्स कोमल उद्योग तथा मेसर्स आनन्दम एग्रो इन्डस्ट्रीज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त फर्मों से रोस्टेड (फूटा) चना लूज का नमूना लेकर जांच के लिए गुरुग्राम हरियाणा भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। और माइन जो कि नॉन परमिटेड सिंथेटिक फूड कलर है, जिनका उपयोग रोस्टेड चना (भूना चना) और अन्य खाद्य उत्पाद में रंगाई में किया जा रहा है। यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 3 (1) (zz) (y) के अंतर्गत असुरक्षित है।



# कसडोल क्षेत्र को इको-टूरिज्म हब बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





जनपद सदस्य मोरध्वज पैकरा (क्षेत्र क्रमांक-15) एवं सभापति, जनपद पंचायत कसडोल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सोनाखान-कसडोल क्षेत्र को इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किए जाने की मांग की है।

- जनपद सभापति ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पैकरा ने पत्र में उल्लेख किया है कि कसडोल क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, जैव-विविधता, सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक ग्राम संस्कृति से समृद्ध है। सोनाखान, बार-नवापारा अभ्यारण्य, बवासीन बांध और आसपास के प्राकृतिक स्थल इसे इको-टूरिज़्म के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र को इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाता है, तो स्थानीय युवाओं के लिए बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, राज्य के पर्यटन कारोबार में वृद्धि होगी और सतत विकास के अनुरूप एक आदर्श पर्यटन मॉडल स्थापित होगा।

मोरध्वज पैकरा ने मांग की है कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित करें, जिनमें नेचर ट्रेल्स, व्यू पॉइंट्स, होम-स्टे, नाविक प्वाइंट, पर्यटन प्रचार आदि शामिल हों। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में कसडोल क्षेत्र राज्य के प्रमुख इको-टूरिज़्म स्थलों में शामिल होकर विकास की नई दिशा प्राप्त करेगा।

# तीन साल बाद भी भाटापारा को नहीं मिला वंदे भारत का स्टापेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत हाई स्पीड ट्रेन को 3 वर्ष से अधिक का समय प्रारंभ हुए हो गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस ट्रेन को 11 दिसबर 2022 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उस वक्त प्रारंभ दिवस को 11 दिसंबर रविवार सन् 2022 को भाटापारा रेलवे स्टेशन में शुभारंभ दिवस पर ही दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर क्षेत्र के तत्कालिन विधायक शिवरतन शर्मा ने ट्रेन का स्वागत करते हुए लगभग 10 मिनट तक उक्त ट्रेन को भाटापारा में रोककर यह ऐलान भी किया था कि क्षेत्रीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखकर वन्दे भारत का भाटापारा में स्टापेज स्थायी रूपसे दिया जाए, लेकिन उक्त घोषणा के 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी वन्दे भारत एक्सप्रेस का भाटापारा स्टापेज नहीं हो पाया। इस बीच सुनील सोनी से लेकर बृजमोहन अग्रवाल तक सांसद बन गये हैं, लेकिन भाटापारा की समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। जबकि नये नये सासंद बने राजनांदगांव के सासद संतोष पांडेय ने डोंगरगढ़ जैसे छोटे स्टेशन जहां की आय भाटापारा रेलवे स्टेशन से कम है, वहां पर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव करा लिया है और भाटापारावासी अभी तक सासंद व रेलमंत्री की ओर सिर्फ गुहार लगा रहे हैं। जनहित में वन्दे भारत सहित अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों को भाटापारा स्टापेज तत्काल स्वीकृत किया जाना चाहिए।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु्नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


### दिल्ली की महारैली में शामिल होंगे कार्यकर्ता

# कांग्रेस ने की एसआईआर अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित "वोट चोर, गद्दी छोड़" महारैली में कांग्रेसजनों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, भाटापारा विधायक इंद्र साव, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, लोकसभा रायपुर एसआईआर प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, सीमा वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं ने एसआईआर अभियान के सुचारू संचालन पर चर्चा की।

नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा नए मतदाताओं को पंजीयन के लिए प्रेरित करने में कांग्रेसजनों को गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने बीएलए, ब्लॉक अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं नियुक्त प्रभारियों से अभियान को प्राथमिकता देने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

बैठक का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर ने किया। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में आ रही विभिन्न विसंगतियों और समाधान पर विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही दिल्ली रैली हेतु कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। बैठक में प्रमुख रूप से तुलसीराम वर्मा, खिलेंद्र वर्मा, संतोष तिवारी, विवेक यादव, सूर्यकांत वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, आर्यन शुक्ला, मानस पांडे, मनोज प्रजापति, सुभाष राव, सलमान शेख, लखेश साहू, निलेश बंजारे, कालिंद्री वर्मा, प्रवीण सेन, जय ठाकुर, नीलकंठ ▶▶ शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**



## आवारा कुत्तों की आतंक से ग्रामीण दहशत में

**नर्रा**। बागबाहरा विखं के ग्राम नर्रा में आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण दशहत में हैं। ग्राम के ग्रामीण दुकालू राम पटेल ने बताया कि आवारा कुत्ते के हमले से पांच से सात लोग घायल हो चुके हैं। ये आवारा कुत्ते गली-मोहल्ले व सड़क किनारे के अलावा होटलों के आसपास मंडराते रहते है। चाहे बुजुर्ग हो या बच्चे को अचानक हमले कर काट रहे है, इससे ग्रामीण दशहत में है। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नजदीक के खरियार रोड नुआपाड़ा ओडिशा ले जाया गया। वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र नर्रा में एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। इससे उपचार के लिए खरियार रोड नुआपाड़ा जाना पड़ता है।

## परकोम में मानस गान महोत्सव कल से

**नर्रा**। ग्राम परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 व 14 को आयोजित किया गया है। जिसमें आमंत्रित मानस मंडली सुमधुर प्रस्तुति देंगे। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर, अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, सचिव भोजराम पटेल आदि ने बताया कि यह मानस गान महोत्सव का 12 वां वर्ष होगा। जिसमें छग के विभिन्न जिले की मानस मंडलियां शामिल होंगी, जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा हुई प्रारंभ

**महासमुंद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा का संचालन एक पाली में की जानी है। परीक्षा बोर्ड पैटर्न में आयोजित की गई। समस्त छात्र छात्राएं पूरे तीन घंटे तक उत्तर लिखते रहे। प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने परीक्षा के दौरान समस्त कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं से प्रश्नों को अच्छे से समझकर उत्तर लिखने के लिए प्रेरित किया। कमरों में बैठक व्यवस्था बोर्ड परीक्षा प्रभारी व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर एवं परस राम सिन्हा ने मिलकर किया। परीक्षार्थियों की उपस्थिति 98 प्रतिशत रही। परीक्षा 8 कमरों में संचालित हुई। विद्यालय के समस्त स्टॉफ व्याख्याता आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव शामिल रहे।

**जायजा: सेंट्रल एसी, वाई-फाई कनेक्शन और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा**

# कलेक्टर ने सेंट्रल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण, शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महासमुंद के हृदय स्थल में निर्माणाधीन सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान उपस्थित कार्यपालन अभियंता गृह निर्माण मंडल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला ग्रंथपाल एवं अन्य अधिकारियों को ग्रंथालय के समुचित व सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने केंद्रीय ग्रंथालय के संचालन के लिए नयी समिति का गठन के साथ साथ समुचित संचालन के लिए अन्य समितियों जैसे क्रय समिति, प्रचालन समिति, भर्ती समिति आदि के निर्माण के लिए जिला ग्रंथपाल को निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन में केंद्रित एसी की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए शौचालय की सुविधा, वाई-फाई कनेक्शन, कंप्यूटर कमरा के साथ साथ ग्रंथालय के सुरक्षा के मद्देनजर गार्ड रूम निर्माण की बात कही। समिति में कलेक्टर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। ग्रंथालय का नोडल प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर महासमुंद होंगे। जबकि, अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था, भर्ती जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। साधारण समिति, शिकायत समिति, कार्यकारिणी समिति, वित्तीय समिति आदि के रूप में समितियां गठित की जाएगी। जिसके माध्यम से ग्रंथालय का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर ने भवन में अन्य आधारभूत अधोसंरचना के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। ग्रंथालय में साप्ताहिक एवं मासिक पत्र-पत्रिका के अलावा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम के साथ साथ अन्य परीक्षाओ से संबंधित पुस्तकों की खरीद के साथ साथ साहित्यिक किताबों की भी खरीदी समिति के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए पुस्तकों की मांग आधारित सूची का अनुमोदन क्रय समिति से लेकर पुस्तक खरीदी हेतु नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि जिला मुख्यालय में केंद्रीय ग्रंथालय के अतिरिक्त शासकीय जिला ग्रंथालय संचालित है, जिसका संचालन भी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा किया जा रहा है। ग्रंथालय का संचालन आठ-आठ घंटे के दो पालियों में किया जाएगा। सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रातःकालीन स्लॉट जबकि दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक सायंकालीन स्लॉट निर्धारित रहेगी। ग्रंथालय में वाचनालय की भी सुविधा होगी, जो पूर्णतः निशुल्क रहेगा, कोई भी पाठक वाचनालय में दैनिक पत्र-पत्रिका, अखबार आदि का पाठन कर सकेंगे जबकि ग्रंथालय का संचालन केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पंजीकृत विद्यार्थियां के लिए होगी। सदस्यता आदि हेतु नियमावली का निर्धारण साधारण सभा समिति के माध्यम से की जाएगी। ग्रंथालय पूर्णतः स्ववित्तपोषित होगी। भवन के बने 13 दुकानों एवं कैफेटेरिया के किराया से ग्रंथालय का संचालन प्रस्तावित है। साथ ही साथ धरोहर राशि एवं विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मासिक शुल्क से ग्रंथालय का संचालन होगा। ग्रंथालय में दो अनुभाग प्रस्तावित है, जिसमें बाल अनुभाग 15 वर्ष आयु के लिए जबकि ग्रंथालय अनुभाग में अन्य समस्त पाठक होंगे। सीनियर सिटीजन एवं स्थानीय साहित्यकार कोना एवं छोटे बच्चों के लिए चिल्ड्रन कॉर्नर का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रंथालय भवन में बने दुकानों को नीलाम करने के लिए एवं मासिक किराया निर्धारित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए हैं।

# परसुलीभाठा से बनियातोरा बहुप्रतीक्षित मार्ग निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय

**ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा बहुप्रतीक्षित मार्ग का निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर व्याप्त है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से इस गांव के जनपद सदस्य लोचन पटेल के नेतृत्व में परसुली परकोम बनियातोरा चौक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर किया। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे थे। इस मार्ग निर्माण से परसुली से बनियातोरा मार्ग से बरसात के समय में वहां के लोगों को भारी परेशानी झेलना पड़ता था। दो माह को छोड़कर खलना, पतालघुटकुरी, खट्टी, सेनभाटा, परसुली, भालूकोना, केंदूबाहरा, भैसादाहरा, सिडगिड़ी, पंडरीपानी, झिटकी, कारागुला आदि ग्रामों के मजदूर एवं ग्रामीणजनों को खडियारोड (ओडिशा) आने जाने में सुविधा होगी। समय की बचत भी होगी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से परमेश्वर पटेल, भोज चक्रधारी, रूपधर साहू, परमेश्वर चौधरी, यादराम सिन्हा, नागेश्वर पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, रेखराम चक्रधारी, गुलशन साहू, शेखर साहू के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। जनपद सदस्य लोचन पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, जिला अध्यक्ष ऐत राम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिह ठाकुर समेत वरिष्ठ भाजपा के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## महाविद्यालय में फोटो केमेस्ट्री पर व्याख्यान का हुआ आयोजन




**सरायपाली**। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन में, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में फोटो केमेस्ट्री विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्रोत वक्ता के रूप में अनिता पटेल (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं प्रभारी प्राचार्य) डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा मंचासीन रहे। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं पृष्ठभूमि के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने कहा कि योग्यताएं कर्म से पैदा होती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को आत्म अनुशासन, संयम एवं कठोर परिश्रम को अपनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। स्रोत वक्ता अनिता पटेल ने इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से डार्क रिएक्शन, थर्मल रिएक्शन, लॉ ऑफ़ फोटो केमेस्ट्री, प्राइमरी एवं सेकेंडरी प्रोसेस तथा क्वांटम दक्षता के बारे में बताया। विद्यार्थियों के जिज्ञासा एवं शंकाओं के परिपेक्ष्य में सारगर्भित टिप्स दी गई। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन पीतांबर बाघ तथा आभार प्रदर्शन अनिल गुप्ता ने किया।



## चिरको कॉलेज का नामकरण डा. हरिहर सिंह ध्रुव के नाम पर हो

**महासमुंद**। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र ग्राम खट्टा में समाजवादी नेता डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव की पुण्यस्मृति एवं मड़ाई मेला में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। उन्होंने डॉक्टर ध्रुव के कार्यों को याद कर उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करें। वे किसानों और गरीबों की लड़ाई के लिए जमीनी राजनीति में सक्रिय हो गए और खुद को सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष में समर्पित कर दिया। इस आयोजन का सत्तगति देने डॉक्टर साहब के विचारों से जुड़े अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों का बहुत अच्छी परंपरा है, जीवन के भाग दौड़ में कहीं भी कार्य करें, पर अपने महापुरुषों आदर्श के विचारों को साझा करने प्रतिवर्ष इकट्ठा होते हैं, निश्चित यह हमारे युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों को जानने और गौरवांवित होने का अवसर प्राप्त होता है। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने चिरको कॉलेज का नामकरण डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव के नाम पर करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच राजकमल पटेल, कुमार नायक, रामस्वरूप, दीवान पुरुषोत्तम, घनश्याम दीवान, प्रेम दीवान, रोहित बघेल, राहुल साहू, रवि तिवारी आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय नवोदय चयन परीक्षा के लिए पिथौरा में एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)



संस्कृतिक भवन पिथौरा में जिला स्तरीय नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे के मार्गदर्शन, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पूर्णानंद मिश्रा के कुशल संचालन तथा जिले के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों के सहयोग से हुआ। कार्यशाला में जिले के प्रत्येक विकासखंड से चयनित 20-20 प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में बच्चों को नवोदय परीक्षा के स्वरूप मानसिक योग्यता, गणित एवं भाषा विषयों से संबंधित कुल 100 अंकों के 80 प्रश्नों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों की टीम डॉ. वीरेंद्र कर, रिंकल बग्गा, लुकेश ध्रुव और घनश्याम यादव ने आकर्षक एवं सरल शैली में कम समय में प्रश्नों को हल करने की तकनीकें, गलतियों को कम करने के उपाय तथा उचित समय प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। साथ ही ओएमआर शीट को सही ढंग से भरने के महत्वपूर्ण निर्देश भी प्रदान किए गए। कार्यशाला को वर्चुअली संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने बच्चों को परीक्षा की पूर्ण तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से लेकर परीक्षा के दौरान की जाने वाली सावधानियों पर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। डीईओ लहरे ने कहा कि यह कार्यशाला बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करेगी और उन्हें चयन परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पूर्णानंद मिश्रा ने बताया कि नवोदय जैसी प्रतियोगी परीक्षा में कभी-कभी मात्र एक अंक चयन और अप चयन के बीच का अंतर बन जाता है। इसलिए यह कार्यशाला बच्चों के लिए अत्यंत सार्थक सिद्ध होगी। पूरे दिन चले प्रशिक्षण सत्र के दौरान बच्चे उत्साहित और सीखने के लिए तत्पर दिखाई दिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मिश्रा ने अपनी बेटी अर्चिता मिश्रा के जन्मदिन पर उपस्थित बच्चों एवं पालकों को मिठाई और आंशिक नेवता भोज करवाकर आनंद साझा किया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशियां झलक उठीं। कार्यशाला को सफल बनाने में स्थानीय बीआरसीसी नरेश पटेल का विशेष योगदान रहा।

## मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण हरिद्वार में हुआ आयोजन

**महासमुंद**। 5 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ से 150 प्रशिक्षार्थी सहित देश के 500 प्रशिक्षार्थी ने हिस्सा लिया। महासमुंद जिले के 5 सहयोग योग शिक्षकों मनकूराम रौतिया, केशव देवांगन, राजेंद्र वर्मा, संदीप पटले, बसंत साहू ने इस शिविर में भाग लेकर सफलतापूर्वक मुख्य योग शिक्षक की परीक्षा पास कर महासमुंद जिले को गौरवान्वित किया। साथ ही महासमुंद जिले के सक्रिय कार्यकर्ता मनकूराम रौतिया ने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का आजीवन सदस्य बनकर महासमुंद जिले का मान बढ़ाया। स्वामी रामदेव के अनुसार छत्तीसगढ़ योग में निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा जिस प्रकार से महासमुंद जिले में योग व महासमुंद जिले के योगी राज्य सहकारी तिलक साहू द्वारा संगठन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे महासमुंद निरंतर योग में आगे बढ़ रहा है। स्वामी ने सभी को शुभकामनाएं व भविष्य में महासमुंद जिले में एक बड़ा योग शिविर करने का आश्वासन दिया है। शिविर के अंतिम सत्र के पश्चात केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



# जनपद महासमुंद एवं बागबाहरा को उत्कृष्ट आवास पूर्णता कार्य के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने में जनपद पंचायत महासमुंद और जनपद पंचायत बागबाहरा ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिला पंचायत महासमुंद में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा दोनों जनपदों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान दोनों जनपदों द्वारा आवास पूर्णता में प्रदर्शित बेहतर प्रबंधन, सतत निगरानी, पारदर्शिता तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर सीईओ नंदनवार ने कहा कि जनपद महासमुंद और बागबाहरा ने आवास निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जिले के लिए एक उत्कृष्ट कार्य प्रस्तुत किया है। उन्होंने टीम भावना, फील्ड मॉनिटरिंग, गुणवत्तापूर्ण निर्माण तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की सराहना की।

# कॉलेज में वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य करुणा दुबे एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य अजय कुमार राजा के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नवीन तिवारी प्रबंधक आरबीआई रायपुर एवं ओमप्रकाश पटेल एफएलसी बैंक ऑफ बडौदा महासमुंद रहे। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य ने वित्तीय साक्षरता द्वारा धोखाधड़ी से किस प्रकार अपने आप को बचाये इसके बारे में जानकारी प्रदान की। ओमप्रकाश पटेल ने बजट संबंधी जानकारी, बचत करने के तरीको सहित खर्चों पर नियंत्रण के लिए एक बजट डायरी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नवीन तिवारी द्वारा करो सही शुरुवात, बनो फाइनेंशली स्मार्ट के थीम पर वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता पर पीपीटी के माध्यम सें रुचिकर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आरबीआई की सामान्य जानकारी देते हुए आरबीआई के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की तथा बजट के माध्यम सें खर्चो पर नियंत्रण करने के लिए प्रेरित किया। जिससे बचत में वृद्धि हो सके। जिसमें बताया गया कि पहले आय में से खर्च करने के बाद बची राशि को बचत करते थे। किंतु, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जरुरी हैं कि आय में से पहले निश्चित बचत कर शेष राशि द्वारा खर्चो को समायोजित किया जाना चाहिए। किए गए बचत को निवेश किये जाने के संबंध में विभिन्न निवेश के विकल्पों जैसे एफडी, आरडी, सरकारी बॉन्ड, म्यूचुअल फंड, गोल्ड, शेयर बाजार आदि की जानकारी सविस्तार दी। साथ ही यूपीआई भुगतान, साइबर अपराध के अंतर्गत मनी लांड्रिंग, डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी आदि की जानकारी दी। असली नोट की पहचान के लिए 12 संकेतक के बारे में भी बताया। पश्चात छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण के लिए पात्रता, आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी, सहायक प्राध्यापक मनबोध चौहान, मनीषा प्रधान, डॉ.जीवन लाल चंद्राकर, परवीन नजीब, विजय मिर्चे, डॉ.भूपेश पात्र, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. कलमरेखा, डॉ. प्रिया बारीक, मृणाली चंद्राकर, सिवानी तावेरकर, रेणुका साहू, ममता साहू, कल्याणी साहू, गेश्वर सिंह दीवाना छात्रावास अधीक्षक, पंकज डहरिया, रोहित ढीमर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं आभार प्रदर्शन डा. रीता पांडेय विभागाध्यक्ष कला संकाय द्वारा किया गया।

## इमलीभाठा में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी

**महासमुंद**। इमलीभाठा महासमुंद राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा 31 दिसंबर 2025 को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति की ओर से सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि इस अवसर पर सुबह से रात्रि तक विविध धार्मिक आयोजन का निर्णय लिया जा रहा है। तत्संबंध में प्रथम बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम हिंदू तिथि के अनुसार 31 दिसंबर को आयोजित होगा। आयोजन के लिए धनराशि संग्रह के लिये कमेटी बनाने के निर्णय के साथ 12 बजे पूजन एवं सभी श्रद्धालुओं के लिये भोजन प्रसादी देने पर चर्चा हुई एवं रानी लक्ष्मीबाई बस्ती के सभी मंदिरों एवं देवालयों के लिए प्रसाद एवं फूलमाला की व्यवस्था होगी। इसके लिए पत्रक छपाने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन एवं विजय चंद्राकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन समाहित होगा। बस्ती के सभी पार्षदों सहित शहर के गणमान्यों को आमंत्रित किया जाएगा। शाम 6 बजे सभी घरों में दीप प्रज्ज्वलन एवं घरों की सजावट के लिए प्रेरित किया जाएगा। पश्चात शाम 7 बजे से स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक के अवसर पर प्रमुख रुप से समिति के अध्यक्ष डीआर सोरी, नीलमणि चंद्राकर, पूर्व पार्षद राहुल चंद्राकर, हिंदू सम्मेलन प्रभारी विजय चंद्राकर, पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, चंद्रशेखर सिंह गौर, राजेश स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष महावीर पवार, पूरन देवांगन, डोमन लाल साहू, दीपक शर्मा, ओमप्रकाश देवांगन, नीलकुमार साहू, हनीश बग्गा सहित पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### देवरानी ने जेठानी से की मारपीट

**महासमुंद**। धान काटने की बात को लेकर देवरानी ने अपनी जेठानी से मारपीट की कर दी। मामला ग्राम देवलगढ़ का है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सौदामिनी साहू ने बताया कि खजूरडोली में मेरे पति के हिस्से के खेत में वे खेती करते हैं। 10 दिसंबर की दोपहर 2.30 बजे वह एवं अपने पति शरद कुमार साहू के साथ खेत गई थी। जहं देखा कि खेत के धान को उसकी देवरानी बसंती साहू हंसिया से काट रही थी। जब उससे पूछा कि उनके खेत का ध्यान क्यों काट रहे हो, तो बसंती साहू ने गाली गलौज करते हुए हंसिया से मारने के लिये दौड़ी, बीच बचाव के दौरान हंसिया से दाहिना हाथ के कलाई के पास चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान का आगाज

**सरायपाली**। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद डॉ आई नागेश्वर राव, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर वीपी सिंह व डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड में 8 दिसंबर से 31 दिसंबर 25 तक कुष्ठ सर्वे दल द्वारा घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। शंकास्पद मरीज का सत्यापन निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाएगा। कुष्ठ रोग एक साध्य रोग है, जो कि एमडीटी दवाई खाने से पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। लोगों में जागरूकता का ही परिणाम है कि अब कुष्ठ रोगी से भेदभाव नहीं किया जाता है। पुराने जमाने में कुष्ठ रोगी को गांव से निकाल दिया जाता था। स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील की है कि यदि आपके शरीर में लाल तेलिया चकता निशान, दाग या धब्बे हो तो सर्वे दल को अवश्य बताएं, कुष्ठ रोग को छिपाने से शरीर में विकृति आ जाती है, जिसे रोकने व कुष्ठ रोग को उन्मुलित करने के लिए ही समय पर जांच व इलाज की घर पहुंच सेवा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। आप सभी स्वयं भी जागरूक हो और आसपास के दूसरे लोगों को भी जागरूक कर इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### चौकबेड़ा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम चौकबेड़ा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को चौकबेड़ा के केशव राम कोसरे ने बताया कि 10 दिसंबर की रात करीबन 7 बजे अपने घर के सामने गली में महेश महेश्वरी, धनेश महेश्वरी, रेशकुमार बंजारे के साथ जयंती के संबंध में बातचीत कर रहा था। उसी समय गांव के भुनेश्वर जोगी ने आकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पदोन्नति पर किया सम्मान

**महासमुंद**। हेमेंद्र आचार्य को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आदर्श बालक (हिंदी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली है। उनकी पदोन्नति पर संकुल बृजराज परिवार ने हर्ष जताते हुए सम्मान किया गया। इसमें संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधानपाठक उमेश गिरी गोस्वामी, भगोली राम साहू, धारिता चंद्राकर, गायत्री आदि मौजूद रहे।

पेज 9 का शेष

### कांग्रेस ने की ...

साहू, अमर मिश्रा, सुरेंद्र जायसवाल, गोल्डी मारिया, अंजली भारती, सिद्धांत मिश्रा, सुखदेव साहू, रघुनंदन वर्मा, रिंकू वर्मा, शशिकांत वर्मा, घनश्याम वर्मा, मनीष साहू, लक्ष्मण भारती, जैनेंद्र नायक, अजय ताम्रकार, प्रवीण टंडन, वेणु साहू, भूपेंद्र सेन, शेर सिंह गुरु, विश्वनाथ द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मेडिकल पीजी काउंसिलिंग का आवंटन स्थगित, संशोधित नियम मामले में हाईकोर्ट में 16 को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेजों की पीजी सीट पर प्रवेश के लिए मेरिट सूची के बाद पूरी की जाने वाली आवंटन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संशोधित नियम के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई की अगली तारीख 16 दिसंबर तय की गई है। राज्य कोटे की सीट के बंटवारे के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने मोर्चा खोल रखा है और जनप्रतिनिधियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराकर हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

काउंसिलिंग शेड्यूल के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को पीजी प्रवेश के पहले दौर में 875 लोगों की मेरिट सूची जारी की गई थी। इस आधार पर बुधवार को सीटों का आवंटन किया जाना था। पीजी चिकित्सा प्रवेश के संशोधित नियम के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इस आधार पर आवंटन की प्रक्रिया को अगली तारीख तक स्थगित कर दिया गया है। न्यायालय ने इस मामले में शासन को नोटिस जारी कर 2 दिन में जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। तब तक संशोधित नियम के आधार पर पीजी प्रवेश की प्रक्रिया पर रोक लगाई गई है। माना जा रहा है कि 16 दिसंबर को सुनवाई के बाद न्यायालय का जो फैसला आएगा उसे नए एडमिशन प्रक्रिया में लागू किया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। डिवीजन बेंच ने नए नियमों के तहत पीजी में प्रवेश को हाईकोर्ट के फैसले से बाधित रखा है। याने इस याचिका पर हाईकोर्ट का जो फैसला आएगा उसे नए एडमिशन प्रक्रिया में लागू किया जाएगा। मामले में 2 दिनों में राज्य सरकार से जवाब मांगा गया है। संशोधित नियम में राज्य की शासकीय सीट का 50-50 प्रतिशत बंटवारा किए जाने से चिकित्सा छात्रों काफी नाराजगी है। उनके द्वारा इस मामले में विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। छात्रों का तर्क है कि नए नियम से किसी भी मेडिकल कालेज में 75 प्रतिशत पीजी की सीट बाहरी लोगों के पास चली जाएगी और 25 फीसदी हिस्सा ही स्थानीय छात्रों को मिल पाएगा।

## चिकित्सा शिक्षा विभाग जारी कर चुका पहले दौर की मेरिट लिस्ट

### कांग्रेस जता चुकी विरोध

शासकीय सीटों को आधा-आधा करने के मामले में कांग्रेस ने चिकित्सा छात्रों को समर्थन दिया है। चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि नियमानुसार सभी राज्यों में 50 प्रतिशत आवश्यक रूप से अखिल भारतीय स्तर की पीजी सीटों का कोटा होता है। 50 प्रतिशत राज्य सरकार अपने मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों की पीजी सीटों के लिए सुरक्षित रखती है। नये फैसले से प्रदेश के उन छात्रों को नुकसान हो रहा है जो अपने ही राज्य में एमबीबीएस के बाद पीजी करना चाहते है।



### स्थानीय छात्रों को सीधा नुकसान

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष हीरा सिंह और जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह का कहना है इस नियम का सीधा खामियाजा स्थानीय छात्रों को भुगतना पड़ेगा। इसके अलावा पढ़ाई पूरी करने के बाद ओपन मेरिट वाले डाक्टर वापस लौट जाएंगे। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होगी क्योंकि स्थानीय मेडिकल कालेज के डाक्टर ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में अनुबंध सेवा के आधार पर इलाज करते हैं।

## श्रमिकों का आरोप,आंदोलन को दबाने संयंत्र अपना रही दमनकारी नीति

# संयंत्र के 1300 से अधिक श्रमिक 7 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम खपराडीह स्थित संयंत्र में श्रमिकों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर नाराजगी अब बड़े आंदोलन का रूप ले चुकी है। संयंत्र के 1300 से अधिक श्रमिक बीते 36 घंटे से 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

श्रमिकों का कहना है कि 10 नवंबर को प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था कि एक माह के भीतर सभी मांगों का समाधान किया जाएगा, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बावजूद किसी बिंदु पर कोई पहल नहीं की गई।

हड़ताली श्रमिकों ने आरोप लगाया कि संयंत्र प्रबंधन ने पुलिस और प्रशासन के माध्यम से आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास किया। बुधवार दोपहर इंटक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दिलीप वर्मा को सुहेला पुलिस द्वारा एक ढाबे में भोजन के दौरान हिरासत में ले लिया गया, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। श्रमिकों के विरोध और दबाव के बाद उन्हें देर रात रिहा किया गया।

**मीडिया के सवालों से बचता दिखा प्रबंधनः** मीडिया द्वारा संयंत्र प्रबंधन का पक्ष जानने की कोशिश की सभी अधिकारियों ने खुद को अधिकृत नहीं बताया। इस तरह पूरी घटना के दौरान संयंत्र के जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जवाबदारी टालते रहे और आधिकारिक बयान से बचते रहे।





### कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी पहुंचे समर्थन में

संयंत्र में श्रमिकों के समर्थन में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि श्रमिकों की सभी मांगें पूरी तरह जायज है। 8 घंटे की ड्यूटी के बाद ओवरटाइम का भुगतान, नाइट ड्यूटी अलाउंस और डस्ट अलाउंस हर औद्योगिक इकाई में दिया जाता है। इन बुनियादी मांगों को न मानना प्रबंधन का हठधर्मी रवैया है। संयंत्र प्रशासनिक और पुलिस दबाव बनाकर आंदोलन तोड़ने की कोशिश कर रही जो गलत है। जितना दबाव बढ़ेगा, आंदोलन उतना ही तेज होगा। उन्होंने कहा कि संयंत्र प्रबंधन न तो श्रमिकों से संवाद कर रहा है, न जनप्रतिनिधियों से और न ही मीडिया से बातचीत के लिए सामने आ रहा है। इससे पता चलता है कि वह गलत है अगर वह सही होते तो अपना पक्ष रखने में कोई परहेज नहीं करते। संवाद से ही हल निकलेगा अगर वह संवाद नहीं करना चाहते तो यह न तो मजदूर के हित में उचित है और न संयंत्र के हित में। हम श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे।





# बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में सिटिजन साइंस बर्ड सर्वे अगले माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में सिटिजन साइंस बर्ड सर्वे 2026 का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक किया जाएगा। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध पक्षी-विविधता का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, नागरिक वैज्ञानिकों की सहभागिता को बढ़ावा देना तथा दीर्घकालिक संरक्षण प्रयासों को सुदृढ़ करना है। प्रकृति–रक्षित क्षेत्रों, घासभूमियों और वनों के मिश्रित परिदृश्य से युक्त बारनवापारा अभयारण्य इस प्रकार के अध्ययन के लिए अत्यंत उपयुक्त स्थल है।

- राष्ट्रीय स्तर पर तीन दिवसीय पक्षी सर्वेक्षण, अब तक देश के 12 राज्यों से 135 आवेदन दर्ज

कार्यक्रम के प्रति लोगों ने अत्यधिक उत्साह दिखाया है। अब तक कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के 12 राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल) के आवेदन शामिल है। यह सहभागिता दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ की जैव-विविधता के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर रुचि तीव्र गति से बढ़ रही है और बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य एक महत्वपूर्ण संरक्षण स्थल के रूप में उभर रहा है।इस सर्वे के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित है। इच्छुक प्रतिभागी QR कोड का उपयोग कर आवेदन कर सकते हैं।

## शहीद वीरनारायण सिंह को मोहतरा स्कूल में दी गई श्रद्धांजलि



**सेल**। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा में 11 दिसंबर को शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं ने प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विजय कुमार ध्रुव ने शहीद वीरनारायण सिंह के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा की। प्राचार्य सीएम साहू ने शहीद वीरनारायण सिंह को गरीबों एवं दलितों के प्रति समर्पित उनके जीवन के योगदान को बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## विकास कार्य के लिए सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

सरपंच संघ कसडोल ने ग्राम विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण और जनहितकारी मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक मांग पत्र प्रेषित किया है। अध्यक्ष कपिल देव नायक के नेतृत्व में भेजे गए इस पत्र में विकासखण्ड कसडोल की 116 पंचायतों के समग्र विकास के लिए त्वरित कदम उठाने की अपील की गई है। मांग पत्र में 15वें वित्त आयोग की लंबित राशि को तत्काल जारी करने की मांग शामिल हैं, जिससे पंचायतों के बुनियादी विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। सरपंच संघ ने स्पष्ट कहा कि राशि मिलने पर ही ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरे कार्यों को गति मिल सकेगी। इसके साथ ही बया–राजादेवरी–गिरौदपुरी मार्ग तथा बया–कसडोल मुख्य मार्ग के अत्यंत जर्जर होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया है। बताया गया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

- मांग पत्र ग्राम विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग

मांग पत्र की प्रतिलिपि जिला प्रशासन को भी प्रेषित की गई है। सरपंच संघ ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री इन महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेंगे।

### 12 पंचायतों में विद्युत व्यवस्था गंभीर संकट

इसलिए इन दोनों मार्गों के पुनर्निर्माण की स्वीकृति शीघ्र दी जाए। वनांचल क्षेत्र बारनयापारा के 12 पंचायतों में विद्युत व्यवस्था के अभाव को भी गंभीर समस्या बताते हुए सरपंच संघ ने केबल लाइन के माध्यम से तत्काल विद्युतीकरण की मांग रखी है, ताकि ग्रामीण अंधकारमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह की स्मृति में जनपद पंचायत कसडोल के सभी 116 ग्राम पंचायतों में मूर्ति स्थापना एवं पुस्तकालय भवन निर्माण की स्वीकृति देने का भी अनुरोध किया गया है।

# सीएम के वीडियो से छेड़छाड़ भाजपा ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संबोधन के वीडियो में छेड़छाड़ एवं एडिट कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल एसपी कार्यालय पहुंचा।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मुख्यमंत्री 2 दिसम्बर को जिलास्तरीय वार्षिक सामाजिक सम्मेलन एवं सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने बोईरदादर रायगढ़ गए थे। मुख्यमंत्री ने यहां जनता एवं किसानों को संबोधित करते हुए कहा था कि आने वाले समय में यदि आदिवासी समाज के बेटा बेटी अपना कोई उद्योग धंधा शुरू करते हैं, तो उन्हें एक रुपए एकड़ में जमीन मुहैया कराई जाएगी, लेकिन रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की निवासी मनीषा गोंड़ द्वारा अपने फेसबुक आईडी के जरिये मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से अपने गलत तथ्यों को जोड़कर तथा भाषण को तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल किया गया है, जिससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इसी प्रकार भूपेश है, तो भरोसा है नाम के फेसबुक पेज से भी उक्त वीडियो को छेड़छाड़ कर, एडिट कर वायरल किया गया है।

# बीच रोड पर केक काटकर जन्मदिन मनाते पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीच रोड पर केक काटकर जन्मदिन मनाने का चलन सा हो गया है। युवा वर्ग के लोग रोड पर वाहन खड़ा कर केक काटकर तथा आतिशबाजी कर अपने दोस्तों का जन्मदिन सेलीब्रेट करते हैं, लेकिन इसके कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसे देखते हुए पुलिस भी ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गुढ़ियारी स्थित महतारी चौक के पास मुख्य सड़क को बाधित कर जन्मदिन सेलीब्रेट करते 5 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- जन्मदिन सेलीब्रेट की वजह से वाहन चालकों को हो रही थी परेशानी



गुढ़ियारी थाना प्रभारी ने बताया कि 10 दिसंबर को गुढ़ियारी स्थित महतारी चौक के पास सार्वजनिक मार्ग पर कुछ उपद्रवी युवक रात करीब 12 बजे यातायात को बाधित कर बीच रोड पर जन्मदिन सेलीब्रेट कर रहे थे। इस दौरान उनके द्वारा केक काटकर आतिशबाजी की जा रही थी। इधर युवकों के जन्मदिन सेलीब्रेट करने के कारण इस रोड पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। इस घटना की सूचना किसी ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रोड पर जन्मदिन मना रहे 5 युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 126(2), 3(5) एवं एमवी एक्ट की धारा 122/177 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### इन युवकों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राकेश उर्फ मोनू डोगरे 30 वर्ष निवासी अम्बेडकर चौक गुढ़ियारी, संजय यादव 23 वर्ष निवासी मुर्रा भट्ठी, करन सिंह उर्फ बंटी मेरावी 20 वर्ष निवासी मुर्रा भट्ठी, प्रमोद टंडन 25 वर्ष निवासी बड़ा अशोक नगर एवं सौरभ सिंह उर्फ गोलु 25 वर्ष निवासी सीतानगर गोगांव शामिल है। उल्लेखनीय है कि शहर में रोड पर जन्मदिन मनाने के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में पुलिस ने कई युवकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने के साथ गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने इस मामले में आम लोगों से अपील की है कि किसी भी सार्वजनिक सड़क पर स्टंटबाजी, जन्मदिन मनाने से यातायात बाधित होता है। इससे दुर्घटना होने की संभावना भी रहती है। इससे खुद के साथ दूसरे की जान भी जा सकती है। यह कानूनन अपराध है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ठंड के मामले में माना दूसरे नंबर पर, आठ डिग्री से नीचे गया तापमान

**रायपुर**। ठंड के मामले में एयरपोर्ट वाले माना ने अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है। अंबिकापुर के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट के मामले में यह दूसरे नंबर पर है। राज्य में अभी कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। देर रात वातावरण के ठंडा होने की वजह से दिन में धूप का प्रभाव भी बहुत अधिक असरदार नहीं है। इस बार की ठंड कुछ ज्यादा ही असरदार है। सरगुजा संभाग में तो ठंड का असर हर सीजन में काफी अधिक होता है, मगर इस बार ठंड का प्रभाव मैदानी इलाके में भी अपना असर दिखा रहा है। लगातार बढ़ती ठंड के बीच पिछले चौबीस घंटे में माना ने न्यूनतम तापमान के मामले में अन्य स्टेशनों को पीछे छोड़ दिया। केवल अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक पहुंचा और माना का पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का। विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य के तमाम आउटर शीतलहर की चपेट में हैं। शहर में भी रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और इसमें ज्यादा बदलाव होने की संभावना अभी नहीं है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी राज्य में उत्तर की शुष्क हवा का प्रवेश लगातार जारी है, जिसकी वजह से तापमान में भले ही मामूली, मगर गिरावट होना जारी है।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 6:00, 9:00 PM
तेरे इश्क में
शो समय - 3:00 PM
हाय पैसा CG
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### बिसेसर बने जिला कृषि सहकारी विभाग में विधायक प्रतिनिधि



**संडी बंगला।** ग्राम खरतोरा के समाजसेवी और कांग्रेस कार्यकर्ता बिसेसर वर्मा को कसडोल विधायक संदीप साहू ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के माध्यम से संचालित धान उपार्जन केंद्रों की निगरानी और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक ने कहा कि यह जिम्मेदारी किसानों की सहूलियत, खरीदी कार्य की पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सौंपी गई। वहीं नियुक्ति के बाद बिसेसर वर्मा ने कहा कि वे अपने गांव व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे। इस अवसर पर सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू, झड़ीराम कनौजे, बिरेन्द्र महेश्वरी, जितेंद्र साहू, रिंकू वर्मा, नीलकमल आजाद, चेतन साहू, कुमुद वर्मा, युवराज चंद्राकर, ईश्वर चंद्रवंशी, अश्वनी वर्मा, मुरली साहू, रामा साहू, छोटू साहू, महेंद्र सुरतांगे, अशोक साहू, कुशल चंद्रवंशी, किशोर राठौड़, प्रवीण धुरंधर, देवनारायण जायसवाल ने हर्ष जताया।

### सत संकल्प पाठ के लिए किया जा रहा प्रेरित

**महासमुंद।** गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री परिवार महासमुंद द्वारा विभिन्न इकाइयों, पंचायत एवं विद्यालयों में संपर्क कर परिवार एवं समाज निर्माण के लिए सत संकल्प पाठ के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकेल, झलप, कछारडीह, तुरगा, के विद्यालयों एवं पंचायत से संपर्क किया गया एवं विद्यालयों में बच्चों को प्रार्थना स्थल पर सत्संकल्प पाठ करवाने का निवेदन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में भी आमसभा व पंचायत बैठक में भी इस संकल्प का वाचन करने का निवेदन सरपंच एवं पंचों को किया गया। सभी विद्यालयों तथा पंचायत में सत संकल्प पाठ के लिए चार्ट वितरण किया गया। शक्तिपीठ महासमुंद से ललित मेश्राम, हीरालाल साहू, रिखी राम साहू, परस चौहान, विश्राम साहू, जगमोहन साहू, भारत साहू, नरेश साहू एवं अन्य वरिष्ठों द्वारा गांव-गांव संपर्क किया जा रहा है। अभी तक पचेड़ा, खम्हरिया, मोरधा, खट्टी, तुमगांव, मचेवा, लाफिंनखुर्द, गढ़सिवनी, अछोला आदि गावों में संपर्क किया जा चुका है।

## निधन

### चंद्रिका निर्मलकर



**पलारी।** पलारी नगर के वार्ड 11 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक निर्मलकर की पत्नी चंद्रिका निर्मलकर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार पलारी स्थित मोक्षधाम में किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में स्वजनों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।

### रूही वर्मा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम सैहा निवासी 90 वर्षीय रूही वर्मा का गत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे संतोष वर्मा, भुपेंद्र वर्मा की मां तथा डॉ. रोमनाथ वर्मा की दादी थीं।

### छात्रों ने सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से दिया मानवाधिकार संदेश

# कॉलेज प्रबंधन ने वीर नारायण सिंह की वीरता और बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस तथा शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। महाविद्यालय का नामकरण उन्हीं की स्मृति में किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रांगण स्थित शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और वीरता और बलिदान को नमन करते हुए किया गया। राजनीति विज्ञान की अतिथि व्याख्याता डॉ. ज्योति शर्मा ने विश्व मानवाधिकार दिवस के इतिहास और महत्व पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए मानवाधिकारों की वर्तमान आवश्यकता और प्रासंगिकता पर विशेष प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. मिश्र ने कहा कि इतिहास में समाज में अत्याचार, भेदभाव और हरिमाहीनता जैसी स्थितियां व्याप्त थीं, जैसा कि डॉ. आंबेडकर के अनुभवों और प्रेमचंद की रचनाओं में स्पष्ट दिखता है। इसी संविधान ने समानता, न्याय और मानव गरिमा की चेतना को स्थापित किया और भारत समानता आधारित नीतियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमें अतीत को कोसने के बजाय वर्तमान को बेहतर बनाने और मानवतावादी चेतना को समाज में फैलाने की आवश्यकता है। संविधान हर नागरिक को गरिमा के साथ जीने का अधिकार देता है। शिक्षा मनुष्य को ऊंचाइयां प्राप्त करने की शक्ति देती है। युवा वर्ग को दृढ़ निश्चय के साथ उच्च पदों पर पहुंचने की चुनौती स्वीकार करनी चाहिए, जैसा कि हाल ही में पुलिस एवं डीएसपी पदों पर चयनित छात्रों ने सिद्ध किया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस में चयनित महाविद्यालय के अनेक वर्तमान एवं पूर्व छात्रों को भी सम्मान याद किया गया, जिन्होंने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, इनमें से कार्यक्रम में उपस्थित संजू, बबीता भास्कर और हुलसी को मंच पर आमंत्रित कर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। इतिहास विभाग के अतिथि व्याख्याता रंगनाथ यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

#### छात्रों निबंध, भाषण, नाटक और नृत्य की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, भाषण, नाट्य प्रस्तुति तथा नृत्य द्वारा मानवाधिकार और जननायक वीर नारायण सिंह के जीवन मूल्यों को अभिव्यक्त किया। एमएससी वनस्पति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमन राकेश ने डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा समानता के अधिकार तथा गरिमापूर्ण जीवन के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला। बीए अंतिम वर्ष के छात्र व्यास नारायण ने वीर नारायण सिंह की जनता के अधिकारों हेतु किए गए संघर्ष और त्याग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

## 311 लीटर महुआ शराब जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार



**बिलाईगढ़।** मुखबिर की सूचना पर थाना बिलाईगढ़ के ग्राम बगलोटा में पुलिस ने 311 लीटर महुआ शराब जब्त की। साथ ही बड़ी मात्रा में लहान को नष्ट किया। शराब की कीमत 31100 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 4 आरोपी दुर्गा रॉय पति संतोष राय 39 वर्ष, धुरवा लाल नवरत्न 57 वर्ष, अजय सिंह नवरत्न 29 वर्ष और हेम कुमार नवरत्न 39 वर्ष सभी साकिनान बगलोटा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शहीद वीर नारायण सिंह को किया नमन



**पलारी।** विगत दिनों नगर पंचायत रोहांसी के पार्षद एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के कर्मभूमि और जन्मभूमि स्थल सोनाखान पहुंचकर उनके वंशज के घर एवं शहीद वीर नारायण सिंह के मठ में पुष्प से आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नगर पंचायत रोहांसी भाजपा पार्षदगण लखन यादव, युगल साहू, कमलेश चतुर्वेदी, अजय नारायण ध्रुव, बुधारु साहू, रामनिवास साहू, ईश्वर बघेल पार्षद प्रतिनिधि, जगेश साहू पार्षद प्रतिनिधि कौशल साहू भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी, गोपी बंजारे भाजयुमो कार्यकर्ता, भागवत खूंटे, रोहित चतुर्वेदी सहित नगरवासी उपस्थित थे।

## बैगा जनजाति के 25 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पहल समाज सेवी संस्था भरुवाडीह द्वारा 9 दिसंबर को कुगदूर ग्राम पंचायत में बैगा जनजाति के 25 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी गोरखनाथ पांडे के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कवर्धा दीपा धुर्वे रहीं। संस्था की सचिव प्रीति पुरेना ने बताया कि चयनित विद्यार्थी प्रतिदिन 3–4 किमी पैदल स्कूल जाते थे, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होती थी। इसी समस्या के समाधान हेतु साइकिल प्रदान की गई।

गोरखनाथ पांडे शिक्षा, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास में निरंतर योगदान देते आए हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में सरपंच धनंजय लहरी ने आभार व्यक्त किया।

## कुर्मी समाज महाअधिवेशन के लिए चांपा में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भरूवाडीह/सैहा/गुमा



ग्राम चांपा में 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महाअधिवेशन तैयारी के लिए राज प्रधान सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में बलौदाबाजार राज कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 11 दिसंबर को चांपा के कुर्मी सामाजिक भवन में हुई। राज प्रधान सुनीता वर्मा ने कहा बलौदाबाजार राज में पहली बार समाज के चार मूल मंत्र चरित्र, एकता, विश्वास, संगठन का महाकुंभ के परिदृश्य महाअधिवेशन के रूप में समाज को गौरवान्वित करने वाले प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम के गृह ग्राम चांपा में आयोजित होने जा रहा है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा हमें पूरी ऊर्जा के साथ तन मन और निर्धारित वार्षिक चंदा के रूप में धन से सहयोग देकर महाअधिवेशन के इस कार्यक्रम को इस तरह सफल बनाना है कि बलौदाबाजार राज में होने वाले महाअधिवेशन ऐतिहासिक हो और यह क्षण सबके दिलों में हमेशा के लिए एक यादगार बन जाये। इस अवसर पर राज मंत्री द्वारिका वर्मा, संरक्षक नरसिंह वर्मा, जितेन्द्र धुरंधर, सचिव प्रदीप बघमार, सहसचिव देवेश वर्मा, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, रघुनंदन बघमार, जनपद सदस्य पवन वर्मा समस्त ग्राम प्रमुख, क्षेत्र प्रधान और समस्त कार्यकारिणी उपस्थित थे।

## अंचल में बढ़ी ठंड, अलाव का सहारा ले रहे ग्रामीण



**लवन।** तापमान में गिरावट के चलते अंचल में ठंड बढ़ी है। दिन में धूप से राहत मिलती है, लेकिन शाम होते ही जाड़ा अधिक लगने लगता है। ठंड से बाजार भी जल्दी बंद होने लगे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में शाम होते ही अलाव जलने लगते हैं। ठंड से बेसहारा लोगों एवं यात्रियों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था अभी तक नगरी निकाय द्वारा नहीं की गई है।

## 4 युवाओं का पुलिस आरक्षक में चयन



**गिधौरी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत खपराडीह के चार युवाओं किशन राय पिता कोमल राय, यशवंत राय पिता कोमल राय, परमेश्वर बंजारे पिता गोपीचंद बंजारे, ज्ञानप्रकाश मनहर पिता साबू राम मनहर का छत्तीसगढ़ पुलिस 2023 भर्ती में चयन हुआ है। इस पर सरपंच और ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। इसमें रंजिता किशन राय, हरिचंद बंजारे, गणेश राम मनहर, जहबाज मोहम्मद, भरत चेलक, कोमल राय, भागवत मनहर, जकबार मोहम्मद, अजय राय, शाहिद मोहम्मद, रमेश खूंटे, अजीत बंजारे, वीरेंद्र बंजारे, मोहन मनहर, अमीर मोहम्मद, मोहन राय, गिरधर मनहर, शेख करीम मोहम्मद, प्रमोद यादव, मनोज यादव, कृष्ण कुमार यादव, राहुल राय, प्रकाश महिष सहित ग्रामीणों शामिल हैं।

## गोवर्धन पीठ पुरी के शंकराचार्य का रायपुर आगमन 14 को



**भाटापारा।** सनातन धर्म के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से 15 दिनों के लिए रायपुर प्रवास में आ रहे हैं। जिनके आगमन को लेकर सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम रावाभाटा में जोरों से तैयारियां चल रही है। इनके आगमन को लेकर प्रदेश में उनके शिष्यों में उत्साह है।

वे भारत की अखण्डता, भारत की सीमाओं की रक्षा, गौरक्षा, महिला जागरण, पर्यावरण रक्षा एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के संदर्भ में अपने मौलिक विचारों से जन-जिज्ञासा को शांत कर रहे हैं। देश के बुद्धिजीवी उनके तर्कों एवं विचारों से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ रहे हैं। देश की सुरक्षा और अखण्डता के उद्देश्य से पीठपरिषद् और उसके अन्तर्गत आदित्य वाहिनी एवं आनन्द वाहिनी नामक संस्थाओं की स्थापना की है तथा इसके माध्यम से वे सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं। 15 तारीख से सुबह 11.30 बजे से दर्शन, दीक्षा, संगोष्ठी और शाम 5 बजे से दर्शन और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्त राष्ट्र और धर्म से सम्बन्धित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## किसान का बेटा बना आरक्षक सपना किया साकार



**लाहोद।** लवन तहसील के ग्राम पंचायत खम्हारडीय के एक साधारण किसान परिवार का बेटा ललित पैकरा ने मेहनत और लगन से पुलिस बनने का सापना साकार किया। ललित पैकरा ने जिला पुलिस बल आरक्षक (बस्तर संभाग) की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता गर्व बढ़ाया है।

पुलिस भर्ती परीक्षा का हाल ही में घोषित परिणाम ललित और उसके परिवार के लिए खुशियों का संदेश लेकर आया। परिणाम में ललित ने एसटी वर्ग में 112वीं रैंक प्राप्त किया। उन्हें कुल 100 में से 50 अंक मिले। ललित के पिता रधुनाथ पैकरा किसान हैं तथा माता ताराबाई पैकरा गृहिणी हैं।

## फुटबॉल खिलाड़ी मनोज बने आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



स्टार लाईन खेल समिति के फुटबॉल खिलाड़ी मनोज पात्रे का पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर चयन होने पर सदस्यों ने स्वागत किया। क्लब के संचालक आलोक मिश्रा ने बताया जब से क्लब का गठन हुआ है तब से खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं खेल के साथ साथ पुलिस एवं केंद्रीय बल के लिए तैयार किया जाता है। अब तक क्लब के 40 खिलाड़ी पुलिस, वन रक्षक, केंद्रीय बल में पदस्थ है। क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी राघवेंद्र राव पवार ने बताया क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को निःशुल्क खेल उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रशिक्षण प्राप्त हो सके इसके लिए खेलों इंडिया का संचालन खेल विभाग के माध्यम से एवं उच्च स्तर के फुटबॉल मैदान का निर्माण कार्य की स्वीकृति, आदिवासी बहुल क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए खेल अकादमी के लिए प्रयासरत आने वाले समय में कसडोल को खेल गांव के नाम से जाना जाए इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

### विद्यार्थियों के विकास के लिए प्रयास जारी रखने का किया आह्वान

# स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचीं जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय दतान (प) में जनपद पंचायत पलारी अध्यक्ष सविता भीम यादव ने पहुंचकर स्कूल का निरीक्षण कर नवाचार का अवलोकन किया। उनके साथ सभापति स्वच्छता जामवंती नीलकमल साहू, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, भीम यादव जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि साधराम बार्ले, चेतन पुरैना उपस्थित थे। उनके द्वारा विद्यालय का निरीक्षण विद्यालय के पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, सहज दीवार पत्रिका, फोटो गैलरी, आज की ताजा खबर आदि नवाचार की प्रशंसा की एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की बात कही। उक्त अवसर पर योगेश वर्मा समन्वयक, प्यारेलाल ध्रुव, प्रधानपाठक मनोज वर्मा, राजकुमार साहू, छन्नू लाल वर्मा, डिगेश चंद्राकर, थानसेन कुर्रे, पूरन लाल जायसवाल, देवकी ध्रुव प्रधानपाठक किरण ठाकुर, ,अनिता रात्रे, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, अनुसुइया वर्मा, गौरी सिंह, अनिता शील, सुश्री मधु फेकर, सुनीता बर्मन उषा बंजारे, बसंती फेकर उर्वशी वर्मा, कमलेश साहू, शिव कुमार वर्मा, प्रकाश कुमार सेन, श्रवण कुमार साहू, देवेश साहू, तेजराम साहू, अभिषेक महोबे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

